भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 978

सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन और सतत पर्यटन योजना के अंतर्गत परियोजनाएं

978. **श्री चिन्तामणि महाराज:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार स्वदेश दर्शन और सतत पर्यटन योजना के तहत परियोजनाओं के चयन को किस प्रकार प्राथमिकता देती है;

(ख) क्या इस संबंध में कोई विशिष्ट मानदंड मौजूद हैं;

(ग) अनुमोदित परियोजनाओं, विशेषकर कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के सफल विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही रणनीतियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन कम प्रसिद्ध ज्ञात स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की जा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना की शुरूआत की, जिसके तहत देश में 5287.90 करोड़ रु. की 76 परियोजनाओं को चिह्नित विषयगत परिपथों के अंतर्गत मंजूरी दी गई। पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के नाम से नया रूप दिया है और 791.25 करोड़ रु. की 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उक्त योजना के तहत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर और उनके परामर्श से, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों, निधियों की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने पर विचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय स्वीकृत

परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकारों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित करता है। इनमें अल्पज्ञात गंतव्यों में स्वीकृत परियोजनाएं शामिल हैं।

पर्यटन मंत्रालय 'अतुल्य भारत' की ब्रांड लाइन के अंतर्गत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अल्पज्ञात गंतव्यों सहित देश के विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। ऐसे संवर्धन चल रही विभिन्न पहलों, जैसे सोशल मीडिया पोस्ट, संवर्धनात्मक वेबसाइट, कार्यक्रमों के आयोजन, पर्यटन संबंधी मेलों और उत्सवों को सहायता प्रदान करके, रोड शो में भागीदारी आदि के माध्यम से निष्पादित किए जाते हैं।

*****